आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 19.03.2025 समय : 02.10pm

सुनीता विलियम्स

नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए 45-दिवसीय पुनर्वास कार्यक्रम में शामिल हो गये है। स्पेसएक्स के क्रू-9 कैप्सूल में सवार दोनों अंतरिक्ष यात्री आज सुबह फ्लोरिडा के तट से दूर सुरक्षित उतरे। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने लंबे प्रवास में भारहीनता के प्रभाव में रहे अंतरिक्ष यात्री अब इसे समाप्त करने के शारीरिक अभ्यास से गुजरेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुनीता विलियम्स और क्रू 9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर दुनिया को दिखाया है कि दृढ़ता का सही मतलब क्या है। उन्होंने कहा कि यह धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। डॉ. मोहन यादव ने भी सुनिता विलियम्स को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री

मध्य प्रदेश - नाव पलटी

कल शाम शिवपुरी के माता टीला बांध पर नाव पलटने से लापता लोगों की तलाश के लिए खोज अभियान जारी है। सवार 15 लोगों में से आठ को कल सुरक्षित बचा लिया गया था। अब तक छह शव बरामद हो चुके हैं, जबकि अन्य दो की तलाश जारी है। ये सभी लोग माता टीला बांध के टापू पर बने मंदिर में दर्शन करने गए थे।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

रंगपंचमी

प्रदेश में आज रंगपंचमी का त्यौहार मनाया जा रहा है। विशेष रूप से इंदौर में विश्व विख्यात रंगारंग गेर निकाली जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में प्रदेश के साथ-साथ देश-विदेश के लोग भी शामिल हो रहे हैं। इंदौर प्रशासन ने इस अवसर पर विशेष सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। रंगपंचमी का पर्व आज आगरमालवा जिले में भी हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर निकल रही सार्वजनिक गैर में बड़ी संख्या में युवा शामिल है। भोपाल में भी गेर निकाली जा रही है।

गेंहू पंजीयन

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मुल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये अभी तक 10 लाख 20 हजार 224 किसानों ने पंजीयन कराया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति

एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। उन्होंने बताया है कि किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं, खरीदी उपार्जन केन्द्रों में 5 मई तक होगी। गेहूँ की खरीदी के लिये 2648 उपार्जन केन्द्र बनाये जा चुके हैं। गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव होने वाला है। प्रदेश में गर्मी के बीच बारिश की संभावना है। जबलपुर, मंडला समेत 13 जिलों में आज हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, चंबल और सागर संभाग में 20-21 मार्च को तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश होने का अलर्ट है। इन जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

समाचार संक्षेप में :–

- नर्मदापुरम सम्भाग में ग्रीष्मकालीन मूंग सहित अन्य फसलों की सिंचाई के लिए 27 मार्च से नहरों से पानी छोड़ा जाएगा।
- मंडला जिला मुख्यालय मंडला में कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।
- विदिशा जिले में रंग पंचमी का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है । जिले के गली मोहल्ले में रंगों की बौछार करते बच्चों और युवाओं की टोलियां में रंग पंचमी का उत्साह देखा जा रहा है।
- अशोकनगर में रंग पंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय करीला मेले का आयोजन किया जा रहा है जो 20 मार्च तक चलेगा।
- मध्यप्रदेश सिलाई कला बोर्ड के अध्यक्ष केबिनेट दर्जा प्राप्त मनोहर महेश्वरी ने कल आगरमालवा जिले के सुसनेर में पीएम विश्वकर्मा योजना के सन्दर्भ मे नगर परिषद् में बैठक लेकर सीएमओ से जानकारी ली तथा अन्य विषयों पर चर्चा की।
- महाकौशल में अपनी विशेष पहचान बना चुके जबलपुर के समरसता होली महोत्सव की शुरुआत रंगपंचमी पर आयोजित श्रीराम जानकी मंदिर, छोटा फुहारा से भव्य समरंग यात्रा से हुई।